## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यालय में होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**सौंसर।** भाजपा कार्यालय सौंसर में गुरुवार 18 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक युवाओं लोगों महिलाओं के द्वारा रक्तदान हो इस को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जोर-जोर से तैयारीया भी की जा रही है।भाजपा करेले से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 18 सितंबर भाजपा कार्यालय सौसर में सुबह 10बजे से रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान भाजपा युवा नेता राहुल मोहड़ के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्रवासियों से रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है।

### महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

**जुन्नारदेव।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के भारतीय ज्ञान परंपरा कैलेंडर अनुसार शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में हिंदी दिवस पखवाड़े का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर के मार्गदर्शन में प्रभारी प्राचार्य एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. संगीता वाशिंगटन के नेतृत्व में मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। हिंदी दिवस पर प्रो. मनोज मालवीय ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला, प्रो. मोहम्मद आबिद ने हिंदी के प्रसिद्ध कवियों की वीरगाथात्मक राष्ट्र प्रेम कविता पर भावनात्मक जुड़ाव व आज की प्रासंगिकता पर अपनी बात रखी। डॉ. कैलाश गाकरे ने हिंदी दिवस मनाने की आवश्यकता एवं हिंदी की दशा और दिशा पर वक्तव्य दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रभारी प्राचार्य डॉ. वाशिंगटन ने भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसार प्राचीन साहित्य एवं राष्ट्र प्रेम से युक्त कविता का कविता पाठ किया। मंच संचालन कर रही हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ सागर भनोत्रा ने हिंदी दिवस की उपयोगिता और मनाने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. एस के शेंडे द्वारा किया गया।

एफडीडीआई छिंदवाड़ा में सम्पन्न हुआ पहला दीक्षा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह, प्रभारी मंत्री और सांसद की मौजूदगी में 64 प्रतिभाशाली छात्रों का हुआ सम्मान

# विद्यार्थी ऊँचाइयों तक पहुँच जाएं, पर गुरुजनों को कभी न भूलें : प्रभारी मंत्री






हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की ओर से जिले का पहला दीक्षा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह बुधवार को एफडीडीआई संस्थान इमलीखेड़ा छिन्दवाड़ा के सभागार में बड़े ही गरिमामयी माहौल में सम्पन्न हुआ। प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, संस्कार और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय केवल ज्ञान का मंदिर नहीं होता बल्कि यह अनुशासन का भी आधार है। चाहे विद्यार्थी किसी भी ऊँचाई तक क्यों न पहुँच जाएं, उन्हें अपने गुरुजनों को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में अध्ययन करना अपने आप में गर्व की बात है।

### 64 छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

समारोह के दौरान महाविद्यालय के 64 मेधावी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर प्रावीण्य सूची में प्राप्त स्थान के अनुसार सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री राकेश सिंह और सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2025 के दीक्षा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की स्मारिका 'निर्झरी' का विमोचन प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, सांसद बंटी विवेक साहू और अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

दीक्षा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, महापौर विक्रम अहके,भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव , महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भरत घई, अजय सक्सेना, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, श्रीमति लीला बजोलिया, रमाकांत पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, जागेन्द्र अल्डक, ज्योति डेहरिया, चंद्रकुमार चंदू जैन, डॉ.कृष्ण हरजानी, गरीमा दामोदर, बंटी पटेल, पंडित राम शर्मा, कामिनी शाह, भारती साहू, चंद्रभान देवरे, प्रभुनारायण नेमा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, कुलगुरु राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय प्रो. आई.पी. त्रिपाठी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा , स्वशासी नियंत्रक डी.सी. राव , महाविद्यालय परिवार से कार्यक्रम समन्वयक प्रो. डॉ. पी. एन. सनेसर, संयोजक श्रीमती सी. डी. राव सहित अन्य महाविद्यालयीन स्टाफ, छात्र - छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### 100 दिवसीय शिविरों का भी शुभारंभ

सेवा ही संकल्प के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से 17 सिंतबर से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक दोनों जिलों में आयोजित होने वाले 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की कड़ी में बुधवार को पोला ग्राउंड में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर में ही 100 दिवसीय शिविरों का भी शुभारंभ किया गया। जिसका पहला कैंप मेंगा स्वास्थ्य शिविर के साथ ही पोला ग्राउंड में लगाया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में पोला ग्राउंड में जिला स्तरीय मेगा हेल्थ कैंप और विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

## पीएम के विजन और सीएम के नेतृत्व में आ रहे हैं सकारात्मक बदलाव : श्री सिंह

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को मध्यप्रदेश के धार जिले से सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार राष्ट्रीय अभियान का भव्य शुभारम्भ किया गया। इसी कड़ी में प्रदेश में चयनित आठ जिलों में से एक छिन्दवाड़ा में लोक निर्माण विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने पोला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम से जिले में सेवा पखवाड़ा और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का जिलास्तरीय शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने सर्वप्रथम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 75 वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश का दुनिया में नाम किया है, नई पहचान दी है, सीमाएं मजबूत की हैं, देश के विकास को पंख दिए हैं, हर जरूरतमंद को पक्की छत, बिजली, पानी की सुविधा देकर समृद्धि की उम्मीद दी है। जिसके कारण ही आज पूरा देश परिवार की तरह प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी के विजन और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश और छिंदवाड़ा जिले में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इसके पूर्व 45 सालों तक छिन्दवाड़ा की जनता को सिर्फ छला गया है। यहां के पूर्व सांसदों ने सिर्फ हेलीकाप्टरों से ही जिले का दौरा किया है। जों महीनों बाद छिन्दवाड़ा आते थे। लेकिन अब आपने अपने बेटे और भाई को सांसद बनाया है। जो पदयात्रा कर लोगों के बीच उनके घरों तक पहुंचकर उनकी सेवा कर रहे है। अब दोनों जिलों को विकास की सही रफ्तार मिली है, जो निरंतर जारी रहेगी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला, युवा, गरीब और किसान, इनके कल्याण व सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर हितकारी योजनाएं ला रहे हैं। यह 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाला सेवा पखवाड़ा और स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान भी इन्हीं पर केंद्रित हैं। इसी के तहत जनजातीय महिलाओं और परिवारों के लिए पहली बार आदि सेवा पर्व अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी को साथ मिलकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश, प्रदेश और छिंदवाड़ा जिले के विकास में अपना योगदान देने का संकल्प भी दिखाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जो हमें ऐसे प्रधानमंत्री देखने को मिले जिन्होंने गरीबी कल्याण के लिए कार्य करते हुए देश को निराशा और भ्रष्टाचार से बाहर निकाल कर पारदर्शिता लाने का कार्य किया है। आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। देशवासियों के चेहरों पर गर्व और मुस्कान है। वे अपने आप को प्रधानमंत्री नहीं बल्कि प्रधानसेवक मानकर सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं। उनके जन्मदिन पर इस सेवा पखवाड़ा और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत ही आज यह विशाल स्वास्थ्य शिविर जिले में लगाया गया है। इसका लाभ निश्चित ही जिले की मातृ शक्ति और अधिक से अधिक जिलेवासियों को मिलेगा। उन्होंने प्रभारी मंत्री राकेश सिंह के प्रयासों से जिले को मिली 2500 करोड़ की लागत से बनने वाले दो फोरलेन सड़कों और विभिन्न निर्माण कार्यों की सौगात के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया।

## बोरगांव में विश्वकर्मा जयंती पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**सौंसर/बोरगांव।** जेडीएस ग्रूप ऑफ़ कम्पनी द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेडीएस ग्रूप संस्थापक ज्योतिंद्र पटेल,सीईओ सहज पटेल के मार्गदर्शन मे संपन्न हुए आयोजन में रक्तदान शिविर एवं



बड़ी संख्या में कामगारों एवं औद्योगिक क्षेत्र वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।जीडीएस ग्रुप से जुड़े सतीश मलिक ने बताया कि संस्था के माध्यम से विगत 10 वर्षो से विश्वकर्मा जयंती पर जेडीएस ग्रूप ऑफ़ कम्पनी औद्योगिक परिसर बोरगांव एवं नागपुर मे होते आ रही है। और इस वर्ष भी रक्त दान शिविर के साथ-साथ निःशुल्क स्वस्थ जांच एंव नेंत्र जाच शिविर सिविल अस्पताल सौसर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरगांव एंव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पारडसिंगा के सहभागिता मे आयोजन किया गया। शिविर मे उद्योगपति एच.एल. काबरा,उद्योगपति हर्सल ताजने, सी.एस. तिवारी,डा. योगेश शुक्ला डा.कामना शिव, डा.सरिता जैन, मिंटू कुमार सिह, अनिल तुरकर, सुपान लोखंडे देवेंद्र केदार आदि थे।शिविर मे 69 लोगो ने स्वैछिक रक्तदान किये और 211 लोगो ने अपना स्वास्थ्य एवं 46 लोगो ने नेंत्र परीक्षण किये गये। रक्तदान शिविर के साथ स्वास्थ्य शिविर में 146 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई।46 की आंखों की जांच ,56 ब्लड प्रेसर एवम शुगर जांच की गई।इस अवसर पर डॉ पूजा कुरकांजी ,रविप्रसाद तुमराममनोहर वडस्कर ,नीलकंठ बिरखरे,आदि थे।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास की दी ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह में बुधवार को प्राचार्य श्री एच डी पाटिल के निर्देशन में संस्था के समस्त स्टाफ की म प्र शासन के सीखो सप्ताह में कर्मयोगी पोर्टल पर तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग की ट्रेनिंग की गई, विभागीय ट्रेनिंग से सभी ने कामकाज की दक्षता प्राप्त की।

### जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाले युवक को डायल 112 से भेजा अस्पताल

**छिंदवाड़ा।** थाना रावनवाडा क्षेत्र में अज्ञात कारणों से अवसादग्रस्त 30 वर्षीय युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, डायल-112 जवानों ने एफ़ आर व्ही वाहन से पहुँचाया अस्पताल। छिंदवाड़ा के थाना रावनवाड़ा क्षेत्र में दिवापानी गाँव में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया हैं, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में गत दिवस सुबह 05:40 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल रावनवाडा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक अशोक वर्मा एवं पायलेट सतीश चौधरी ने घटनास्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञातकारणों से अवसादग्रस्त एक 30 वर्षीय व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, डायल-112 जवानों ने पीड़ित युवक को एफ़ आर व्ही वाहन से लेकर सिविल अस्पताल परासिया में भर्ती करवाया। जहाँ पीड़ित युवक का उपचार किया जा रहा है।

## नवरात्रि त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने बैठक में हुई चर्चा

### सिंगोड़ी में शांति समिति की बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पुलिस चौकी सिंगोड़ी में आज शांति समिति की बैठक का आयोजन नवरात्रि पर्व को लेकर आयोजित की गई जिसमे पुलिस चौकी प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे प्रमुख रूप से अमरवाड़ा एडीएम हेमकरण धुर्वे,एसडीओपी मैडम चौकी प्रभारी पंकज राय की विशेष उपस्थिति में बैठक प्रारंभ हुई।जिसमें नवरात्रि पर्व त्यौहार के चलते प्रमुख रूप से चर्चा की गई। जिसमे सभी धर्म संप्रदाय के लोगो ने आपसी सौहार्द और कौमी एकता के साथ इस पर्व को मनाने की चर्चा की।इस दौरान ग्राम पंचायत सिंगोड़ी को साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था कराने की चर्चा की गई साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाके जिसमें रजोला ,बड़ेगांव, खकरा चौरई , पिंडरई डवीर सहित विभिन्न ग्रामीण इलाको में नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण पूर्वक से मनाने की बात कही गई। वही त्यौहारो के चलते सभी क्षेत्र वासियो ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें एडीएम हेमकरण धुर्वे ने मटन मच्छी मार्केट को हटवाने हेतु सिंगोड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच कपिल ठाकुर को निर्देशित किया।

एसडीएम मैडम के द्वारा शांति समिति में बैठे समस्त सदस्यों को साइबर ठगी के विषय में जानकारी दी एवं लाउडस्पीकर रात्रि 10:00 बजे तक ही बजेंगे इसकी अनुमति भी एसडीएम कार्यालय से लेनी होगी एवं डीजे पूर्णत प्रतिबंध रहेंगे। वही में रोड में बह रहा गंदा पानी के विषय में भी चर्चा हुई लेकिन इसका कुछ निराकरण नहीं निकल पाया।इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में शांति समिति के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ।इस अवसर पर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई चौकी प्रभारी धर्मेंद्र खुशराम ने सभी लोगो का आभार प्रदर्शन कर त्यौहारो को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। यह रहे उपस्थित योगेश यादव, पवन राव सोनी, सरपंच कपिल ठाकुर, उप सरपंच एवं सदर अंजुमन कमेटी इलमन भाई,प्रसादी पटेल, अब्दुल आहद मिस्किनी आदि मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ केंद्र परिसर में की गई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव के तत्वधान में शहर के वार्ड क्रमांक 10 में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चला कर साफ सफाई ओर कीचड़ को साफ किया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंडल क्षेत्र में स्वच्छता, पौधारोपण,चिकित्सा शिविर रक्त दान शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ,नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे जी,पखवाड़ा के संयोजक अनिरुद्ध चटर्जी ,सह संयोजक लीना चौरसिया ,आदित्य उपाध्याय, स्वच्छता विभाग के सभापति राजेंद्र सूर्यवंशी, सहित भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारी,सभापति गण ,पार्षद गण, भाजपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आदिवासी विकास परिषद महिला प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

**परासिया :** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें छिंदवाड़ा व बैतूल के सदस्य भी शामिल हुए । बैठक में न्यूटन चिखली वार्ड नं 3 का आदिवासी शमशान घाट , आदिवासी



देव खीरीयान के संरक्षण , आदिवासी मंगल भवन , क्षेत्र में स्थापित प्रकृति शक्ति बड़ा देव स्थलों के जीर्णोद्धार करवाने को लेकर 10 सितंबर को हुई थी । जिसमें डी.एस. मरकाम प्रदेश महामंत्री को पत्र दिया गया था , जिस पर उन्होंने इस मामले के संबधित दस्तावेज लेकर बुलाया था , बैठक में उपस्थित होकर फग्गनसिंह कुलस्ते राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष/प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद और सम्पतिया उइके प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश सरकार से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा कर पत्राचार किया गया । इस अवसर पर माया धुर्वे जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ , अशवनी मरकाम संरक्षक न्यूटन , राहुल सराठी ब्लॉक उपाध्यक्ष , पूरन मरकाम ब्लॉक सचिव , नंदू इरपाची अध्यक्ष बड़ा देव समिति न्यूटन , सकरलाल युनाती , दयालाल मरकाम , प्रमिला मरकाम , कुसुम मरकाम उपस्थित रहे ।

### जनप्रतिनिधि-अधिकारीयों ने नहीं दिखलाई महत्वपूर्ण कार्यक्रम में रुचि

## बिना मास्क, दस्ताने पहने की गई मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत में ही स्वच्छता की अनदेखी विचारणीय है। स्वच्छता के नाम पर करोड़ों खर्च करने के बाद भी हमारे व्यवहार में स्वच्छता नहीं है तो पखवाड़ा मनाना महज एक औपचारिकता बनकर रह सकता है। ऐसा ही एक मामला तामिया में प्रकाश में आया है जहां स्वच्छता पखवाड़े में श्रमदान से साफ सफाई में असावधानियां बरती गई। किसी भी अधिकारी ने मास्क और दस्तानों का उपयोग नहीं किया था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा पूरे देश भर में स्वच्छता संदेश के उद्देश्य साथ मनाया जा रहा है। आज तामिया ग्राम पंचायत में भी इसकी शुरुआत हुई इसके लिए अस्पताल के सामने उपेक्षित पड़े यात्री प्रतीक्षालय में सफाई की गई। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की कमी साफ देखी गई। उपस्थित के नाम पर मुख्य कार्य पालन अधिकारी स्वच्छता कोऑर्डिनेटर प्रकाश चौधरी जनपद पंचायत सचिव जगत तेकाम ही उपस्थित थे। इस स्वच्छता में लापरवाही भी साफ देखने मिली कि



स्वच्छता के लिए जो सावधानी बरती जाती है उसको पूरी तरीके से अनदेखा किया गया जब स्वच्छता कार्यक्रम चल रहा था उपस्थित अधिकारी कर्मचारी भाजपा नेता के हाथों में ना तो सुरक्षा की दृष्टि से दस्ताने पहने थे और नाही संक्रमण रोकने मास्क लगाए गए थे आधा कार्यक्रम समाप्त होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने आनन फानन में दस्ताने एवं मास्क दिए। जब तक इस स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम का समापन हो चुका था। जन्मदिन के उपलक्ष में बैंड बाजे एवं जमकर आतिशबाजी की गई मिठाई बांटने के साथ-साथ केक काटा गया। इस तरह आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम ईरपाची, वरिष्ठ वरिष्ट भाजपा नेता वीरेंद्र राय, विनोद अग्रवाल, नीलेश डेहिरिया, रियाज खान, विजय शिवहरे, सुमंत्रा ठाकुर से सभी भाजपा नेता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## रिधिमा जैन का राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन



चौरई। नगर की होनहार बेटी रिधिमा जैन ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से एक बार फिर चौरई का नाम रोशन किया है। फर्स्ट स्टेप जूनियर स्कूल की छात्रा रिधिमा का चयन राज्य स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता (अंडर-17 बालिका वर्ग) में हुआ है।विगत दिवस जबलपुर में सम्पन्न हुई संभागीय स्पर्धा में रिधिमा ने शानदार प्रदर्शन कर निर्णायकों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। उनके खेल कौशल के दम पर ही उन्हें 22 से 26 सितम्बर तक रीवा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयनित किया गया है।रिधिमा नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी रितेश जैन एवं श्रीमती राजुल जैन की सुपुत्री हैं। उनके प्रशिक्षक श्री सतीश कोचिकर ने कहा कि रिधिमा का खेल और समर्पण निश्चित ही राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कराएगा।रिधिमा के इस उपलब्धि पर शाला प्रमुख श्री अमीत साव, प्राचार्य श्री बनर्जी, उपप्राचार्य श्रीमती नेपचा गुप्ता एवं समस्त शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए ढेरों शुभकामनाएँ दीं।

### बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहित जनता रही मौजूद

# चौरई पहुंचे प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत लोकनिर्माण विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह जी क्षेत्र की जनता को करोड़ों रु के विकास कार्यों की सौगात देने पहुंचे ।प्रभारी मंत्री जी सबसे पहले दुबे निवास स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां श्री दुबे जी ने उनका शाल श्रीफल और पुष्पमाला से आत्मीय अभिवादन किया प्रभारी मंत्री जी ने सांसद श्री विवेक बंटी साहू जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ बालक शाला प्रांगण में वृक्षारोपण किया ।इसके बाद सभी अतिथि जनपद पंचायत एवं नगर पालिका द्वारा स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जहां प्रभारी मंत्री जी एवं जिले के सांसद श्री साहू ने जिलाध्यक्ष भाजपा श्री यादव , विधायक श्री कमलेश शाह, विधायक श्री सुजीत सिंह,पूर्व विधायक पं रमेश दुबे, पूर्व मंत्री श्री नानाभाऊ मोहोड, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री रमेश पोफली, पूर्व जिला महामंत्री उत्तम ठाकुर, प्रियवर ठाकुर बंटी पटेल, जंप अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी, उपाध्यक्ष शैलकुमारी कमलेश वर्मा, नपा अध्यक्ष पूर्णिमा शरद जैन, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, उपाध्यक्ष सिरपत नायक जिलापंस ,ऋषि वर्मा,जिला महामंत्री विजय पांडे, कमलेश उईके समेत अन्य भाजपा नेताओं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विधानसभा क्षेत्र को 37 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात देते हुए लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया ।प्रधानसेवक श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि चौरई को लगातार विकास पथ पर अग्रसर करेंगे विकास कार्यों के लिए कोई रुकावट नहीं आएगी भाजपा सरकार जनकल्याण के संकल्पित है क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों के प्राप्त मांगों पर परीक्षण उपरांत कार्यवाही की जाएगी ।पूर्व विधायक श्री दुबे ने स्वागत भाषण देते हुए प्रभारी मंत्री जी, जिले के सांसद जी, भाजपा जिलाध्यक्ष जी सहित सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत अभिवादन किया ।कार्यक्रम को सांसद श्री साहू व विधायक श्री चौधरी द्वारा संबोधित किया गया ।इस दौरान कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे, जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार, लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री आकाश खरे, एसडीएम श्री प्रभात मिश्रा, एसडीओपी भारती जाट, सीईओ तरुण राहंगडाले, सीएमओ अभयराज सिंह, एसडीओ पीएचई सीता मरकाम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे ।

## धम्म ध्वज यात्रा को ग्रामीण क्षेत्र से मिल रहा समर्थन



पिपलानारायणवार। महाबोधि महाविहार को मुक्त करने, बी टी एक्ट समाप्त करने को लेकर संपूर्ण देश में चल रही धम्म ध्वज यात्रा के समापन समारोह को लेकर पीपला नारायण वार के आनंद बुद्ध विहार में बौद्ध अनुयाइयों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप चंद्रभानजी बागड़े,दिलीप बागड़े,उपसरपंच अमोल रंगारे, मूकेश बागड़े ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नागपुर की पावन दीक्षा भूमि से 17 अगस्त से शुरू हुई धम्म ध्वज यात्रा का 24 सितंबर बुधवार को सौसर के बाजार चौक में समापन हो रहा है।जिसमे यात्रा प्रमुख भन्ते विनाचार्यजी आकाश लामाजी,भन्ते रेवतजी,भदंत ध्यानज्योति,भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमराव अंबेडकर, जीटीवी के अभिनेता हिमांशु सोनी, यात्रा संयोजक नितिन गजभिए, राकेश धरगावे के अलावा बड़ी संख्या में देश-विदेश के भिक्खु संघ एवं मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र बिहार के बौद्ध अनुयाई शामिल हो रहे हैं। आयोजन मेंदोपहर 2 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से विशाल धाम यात्रा निकाली जाएगी। बाजार चौक में सत्कार समारोह विकास राजा और टीम का आर्केस्ट्रा एवं भोजन वितरण कार्यक्रम संपन्न होगा। बैठक में सिद्धार्थ गजभिये,बाबूराव सहारे,सिद्धार्थ सोमकुवर, अरविंद बसोड़,विजय नागदवने,ज्योति देशभरतार,वनमाला गजभिये,रत्नमाला वासनिक,पदमा वासनिक,सूर्यकांता देशभरतार,निता बागड़े,सुनीता वंजारी,वंदना गजभिये आदि थे।

## सिविल अस्पताल परासिया में शुरू हुआ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

परासिया। सिविल अस्पताल परासिया में बुधवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका परासिया अध्यक्ष विनोद मालवीय बीएमओ अंकित सहलाम ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया।नगर पालिका परासिया उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी , मोनू सेंगर , आदित्य बुनकर , अनूप साहू बीपीएम, ी अलका इदौरकर सहायक प्रबंधक, रजनीश साहू बीईई एवं समस्त चिकित्सक, नर्सिंग आफिसर, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं गणमान्य नागरिक एवं लाभार्थी महिलाऐं उपस्थित रही। शुभारंभ अवसर पर हेल्थ शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं एवं नागरिकों की स्वस्थ्य जाँच की गई एवं उपचार प्रदाय किया गया।17 सितंबर से दो अक्टूबर 2025 तक निरंतर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ शिविरों का आयोजन स्वास्थ संस्थाओं में किया जायेगा। जिसमें महिलाओं, बालिकाओं, वृद्धजनों एवं समस्त नागरिकों की स्वास्थ्य जॉच निःशुल्क की जायेगी एवं उपचार एवं दवाईयां प्रदाय की जायेगी।



## सेवा भाव के रूप में मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल बिछुआ द्वारा सेवा भाव को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, फल वितरण, जैसे सेवा कार्यों का आयोजन किया गया।इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछुआ में भाजपा पदाधिकारी के द्वारा पेड़ लगाए गए एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछुआ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लाइव संबोधन सुना गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर,जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,परिषद उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे,वरिष्ठ नेता रामसिंह पटेल, शिवराम चौरसिया,मारुति कोचे,बलवीर डेहरिया,मंडल महामंत्री द्वय विजेंद्र सिंह दीक्षित,कीर्ति करमेले,बीएमओ डॉ नीलेश सिद्धाम एवं स्वास्थ्य अधिकारी व पार्षद गण मातृशक्ति,समेत भाजपा पदाधिकारी,कार्यकर्ता बंधु एवं स्थानीय जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

## पीएम के जन्मदिन पर भाजपाईयों चलाया सफाई अभियान



न्यूटन / परासिया : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा न्यूटन नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया । इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न वार्डों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।मंडल पदाधिकारियों ने कहा , कि स्वच्छता ही मोदी जी को सच्ची शुभकामना है । प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने स्वच्छ भारत का जो सपना देखा है । उसे जन - जन तक पहुँचाना ही हमारा उद्देश्य है । सफाई अभियान में पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीचंद पटेल , भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री एवं पार्षद जयंत राय , मंडल उपाध्यक्ष दीपअक्षय (बिट्टू) भनारिया , मंडल उपाध्यक्ष ब्रजेश सोनू पंडित , अखिलेश डेहरिया , पार्षद राहुल सैराठी , राजेन्द्र राय , नितिन जयसवाल , सतीश रड़वे , मनीष चौहान , प्रकाश बरखे , अश्वनी यदुवंशी , इंद्रपाल साहू , रमेश साहू , श्याम श्रीवास्तव , रुपेश इरपाची , विजय बरकडे , हेमंत नवेत , समस्त कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने संदेश दिया कि स्वच्छ भारत ही स्वस्थ भारत है।

## 07 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मनाई किरनापुर में विश्वकर्मा जयंती, की गाड़ियों की पूजा



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई, इस मौके पर वाहिनी में भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया, वहां के कमांडेंट श्री कपिंगगिल ने जवानों के साथ मिलकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की पूजा अर्चना की, इससे पहले नवनिर्मित मूर्ति को प्रांगण में स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा की गई, इस अवसर पर कमांडेंट व सीआरपीएफ के सभी सैनिक उपस्थित रहे, कमांडेंट श्री कपिंगगिल ने बताया प्रति वर्ष भगवान विश्वकर्मा की पूजा मनाई जाती है,। 17 सितंबर को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा रखी गई है, सुबह शिव मंदिर में हवन-पूजन के पश्चात सभी गाड़ी की पूजा की गई। और भगवान से यह आशीर्वाद मांगा जाता है कि हमारी सभी गाड़ी भली भांति काम करती रहें व सुचार रूप से चलती रहे। इस कार्यक्रम में उपस्थित द्वितीय कमान अधिकारी बी आर एच प्रसाद, द्वितीय कमान अधिकारी तनवीर जमाल, डिप्टी कमांडेंट रविंद्र सिंह, डिप्टी कमांडेंट विजय पटियाल ,सीएमओ सानिया अमित मालानी, एस एम,पन्नालाल ठाकुर,एम एम विकास डे,एवं अन्य सैनिकों का सहयोग सराहनीय रहा।

### कटंगी अस्पताल में पीएम के कार्यक्रम का दिखाया गया प्रसारण

## 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को 8 वें पोषण माह के साथ-साथ 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ किया. प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास किया. इस कार्यक्रम का वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाइव प्रसारण दिखाया गया. 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' भारत में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवा और पोषण सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया एक कदम है. प्रधानमंत्री ने धार में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के हम 140 करोड़ लोगों ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया और विकसित भारत की यात्रा के चार सबसे प्रमुख स्तंभ है. भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान आज यहां इस कार्यक्रम में विकसित भारत के इन चारों स्तंभों को नई मजबूती देने का काम हुआ. आज के इस कार्यक्रम में बेटियों, नारी शक्ति का बहुत ध्यान रखा गया. यह कार्यक्रम धार में हो रहा है लेकिन पूरे देश के लिए हो रहा है पूरे देश में हो रहा है पूरे देश की माता बहनों के लिए हो रहा है यहां से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार एक महा अभियान का आरंभ हो रहा है. कटंगी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सभापति केसर बिसेन, नगर परिषद उपाध्यक्ष धर्मकला देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, भाजयुमो अध्यक्ष प्रियांश राउत, लोहमारा सरपंच सुंदर बिन्झाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग से डॉ पंकज दुबे, डॉ भूपेन्द्र गजभिए, डॉ विनोद भलावी और तमाम स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे. दोपहर में करीब डेढ़ बजे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की समाप्ति के बाद कटंगी अस्पताल में मरीजों को फल वितरीत किए गए।

तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल के ग्राम महकेपार में प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है. बुधवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत महकेपार स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन किया गया. जहां ग्रामीण अंचलों की महिलाओं के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई. कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल महकेपार प्रभारी श्रीमती अरुणा गजभिये, जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता अरविंद देशमुख, महकेपार मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, जनपद सदस्य एवं जन आरोग्य समिति अध्यक्ष विनोद पंचभाई, पूर्व जनपद सदस्य नेमराव गौतम, के.सी. सोनवाने, आशिbफ खान, शरद सहारे, गोविंद आम्बाडारे, जे.डी.पुष्पतोड़े, महकेपार स्वास्थ केंद्र प्रभारी डॉ जगजीवन मेश्राम और स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे. शिविर के समापन के पश्चात एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत स्वास्थ्य केन्द्र में पौधारोपण किया गया. इस दौरान महकेपार स्वास्थ्य प्रभारी जगजीवन मेश्राम ने जन आरोग्य समिति अध्यक्ष विनोद पंचभाई को स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक वस्तुओं को लेकर मांग पत्र दिया है. विनोद पंचभाई ने शीघ्र समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

## अनियंत्रित होकर रोड किनारे नाली में जा घुसी यात्री बस



### लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर देर शाम तक आवागमन में होती रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर के लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर एक निजी ट्रेवल्स की यात्री बस अचानक ही रोड किनारे नाली में जा घुसी। हालांकि इस दौरान कोई भी बस के सामने नहीं आयाए जिससे गंभीर हादसा होते.होते रह गया। जानकारी अनुसार, बस नगर के वीरांगना अवंतीबाई स्टेडियम के सामने से मोडने के दौरान अनियंत्रित होकर रोड किनारे नाली में जा घुसी। वाहन चालक ने बताया कि बस का ब्रेक पायडल फ्री हो जाने और प्रेशर नहीं होने के कारण बस में ब्रेक नहीं लगा और वह नियंत्रण से बाहर हो गई। बस के नाली में फंस जाने के कारण शाम 5 बजे तक आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं बस को निकालने के लिये जेसीबी भी लाई गई थीए जिससे भी बस निकाली नहीं जा सकी थी।

## सेवा पर्व के अवसर पर किया गया वृक्षारोपण का कार्यक्रम

### वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य अंतर्गत उकवा चौकी के परिसर में किए गए फलदार एवं अन्य प्रजाति का रोपण



हरिभूमि न्यूज उकवा। मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट के निर्देशन में तथा श्रीमती नेहा श्रीवास्तव वन मंडल अधिकारी उत्तर बालाघाट सामान्य एवं उपवनमंडल अधिकारी तरुण कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य के परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा अनेक क्षेत्रों में सेवा पर पर्व के उपलक्ष में वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 17 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक परिसर, स्कूल, कॉलेज, शासकीय भवन, शासकीय परिसर में पौधा लगाकर वनों के संवर्धन हेतु संदेश दिया जाना है। परिक्षेत्र अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा। वन एवं पर्यावरण हमारे अमूल धरोहर है इसको बचाना और सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष उकवा विजय पटले ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। सर्वधर्म सेवा समिति अध्यक्ष उकवा जेम्स बारिक ने बताया कि इन आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। यहां की प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध व स्वच्छ है।इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए।परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा सामान्य ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से रोकना है तो पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर पेड़ पौधे हमें फल और छाया देते हैं, वहीं पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती हैं। चाहे कोई भी दवा हो, कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वनस्पतियों से जुड़ी हुई होती हैअतिथियों के साथ तपेश घुले, राजेन्द्र कुमार गनवीर, विनोद कुमार चैरे, सदाशिव आमाडारे, कमलसिंह वायाम, कन्हैयालाल मड़ावी, अरविंद कुमार कडुकर, प्रकाश भलावी, रूपसिंह मरकाम, राजेश कुमार रोकड़े, बजारीसिंह ठाकरे, गजेन्द्रसिंह उयके, राहुल धूर्वे, धम्मदीप रोकडे, सचिन पदमे, नवेद पाशा, कामरान अली, कमलेश मसराम, अरूण बर्वे, पंकज शरणागत, प्रशांत चैरसिया एवं समस्त समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

वारासिवनी। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्याल वारासिवनी में 17 सितम्बर को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल, कार्यालय कलेक्टर बालाघाट, नगरपालिका परिषद वारासिवनी के पत्र एवं निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत स्वच्छता संबंधित व्याख्यान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं कृष्णा पराते कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो. के नेतृत्व व डॉ. रक्षा निकोसे, श्रीमती सरिता नागवंशी, महाविद्यालय कर्मचारियों तथा महाविद्यालयीन 95 छात्र-छात्रों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गेडाम द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत स्वच्छता रैली प्रदर्शन, नुक्कड़ नाटक, श्रमदान तथा अन्य जागरूकता कार्यक्रम करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि हमें 15 दिवसों में समस्त गतिविधियों के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाने का कार्य करना है।

### पोस्टर व रांगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## हिन्दी दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वावधान में एक निजी कॉलेज में हिन्दी दिवस के अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वारासिवनी सुश्री नेहा बाथरी की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हिन्दी की महत्ता, मध्यस्थता से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए निः शुल्क अधिवक्ता योजना एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को मौलिक कर्तव्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

हिन्दी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा ''कानूनी और शैक्षिक चर्चा में हिन्दी का प्रयोग'' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं छात्र-छात्राओं की रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई गई।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. आर्ची अवधिया बी. फार्मेसी तृतीय वर्ष ने प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र, द्वितीय स्थान कु. कशक खान फार्मेसी चतुर्थ वर्ष ने प्राप्त कर सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र व तृतीय स्थान पर कु. तनिशा कुर्वे एवं कु. याचना गढ़वंशी दोनों को ब्रॉन्ज़ मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं सांत्वना स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को डायरी एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किये गए।

रंगोली प्रतियोगिता में नुरैन ने पाया प्रथम स्थान

इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.फार्मेसी की छात्रा नुरैन, द्वितीय स्थान कु. आराधना टेम्भरे व रक्षा टेम्भरे एवं तृतीय स्थान कु. पूनम चौधरी ने पाया। अभिषेक माण्डवे ने हिन्दी दिवस के अवसर पर कविता पाठ के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किए गए।

**खबर संक्षेप**

## 20 को जाम में गूंजेगा दंगल, पहलवानों को मिलेंगे 31 हजार तक के इनाम

हरिभूमि न्यूज सिवनी।थाना लखनवाड़ा क्षेत्र के ग्राम जाम में 20 सितम्बर 2025, शनिवार को विशाल ईनामी दंगल का आयोजन होने जा रहा है। दंगल का आयोजन जाम ग्राम के बाजार चौक में दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें क्षेत्र और आसपास के जिलों से नामी पहलवान भाग लेंगे। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक दिनेश राय 'मुनमुन होंगे तथा अध्यक्षता धनेंद्र सिंह ठाकुर करेंगे, वहीं उपाध्यक्ष की भूमिका रामनरेश सिंह ठाकुर निभाएंगे और कोषाध्यक्ष के रूप में सरपंच गोलू सनोडिया रहेंगे। मंच संचालन राजेश सिंह ठाकुर द्वारा किया जाएगा। दंगल में पहलवानों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं जिसमें प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपए, द्वितीय 21 हजार रुपए, तृतीय 11 हजार रुपए, चतुर्थ 5100 रुपए और पंचम पुरस्कार 3100 रुपए निर्धारित है। निर्णायक मंडल में रविशंकर सनोडिया और कृष्णकांत राजपूत शामिल रहेंगे।





## विश्वकर्मा पूजन महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया
## सकल विश्वकर्मा समाज की भव्य रैली का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज सिवनी। रिपोर्ट। **गगन विश्वकर्मा**। सिवनी में कनौजिया लोहार समाज अध्यक्ष बृजमोहन विश्वकर्मा , डूंडा सिवनी विश्वकर्मा मंदिर समिति अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा एवं महाकालेश्वर विश्वकर्मा समिति पुखराज विश्वकर्मा और बढ़ई समाज रवि विश्वकर्मा सभी के मार्ग दर्शन में रैली प्रभारी रीतेश विश्वकर्मा व सभी पदाधिकारियों के तत्वाधान में सफलता पूर्वक रैली संपन्न हुई।

### विश्वकर्मा जयंती समारोह पूजन के साथ हुए विविध कार्यक्रम निकाली गई रैली

सिवनी भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह विश्वकर्मा मंदिर महावीर वार्ड में मनाया गया जहां पर पूजन के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित हुए विश्वकर्मा बढई समाज के अध्यक्ष सी पी सोनवाने ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार भगवान शाम 5 विश्वकर्मा जयंती मनाई गई प्रातः से हवन पूजन, दोपहर में सामाजिक गोष्टी एवं सामाजिक पदाधिकारियों के चुनाव के प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की गई शाम को प्रसाद वितरण एवं सामाजिक भोज का आयोजन किया गया । जिसमें सभी सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही।

## माध्यमिक शाला सुचानमेटा में सरपंच ने किया औचक निरीक्षण



### दो शिक्षक मिले नदारत बीआरसी सी ने दिया कारण बताओं नोटिस

घंसौर /घंसौर विकास खण्ड के माध्यमिक शाला सुचानमेटा में सरपंच ने 16 सितंबर सुबह 10:50 पर औचक निरीक्षण किया गया जिसमे दो शिक्षकअनुपस्थित पाए गए जिसमें प्रमोद कुमार गोल्हानी प्राथमिक शिक्षक एवं हीरा लाल यादव प्राथमिक शिक्षक थे वही मौके पर ही सुचानमेटा सरपंच ने पंचनामा तैयार कर बीआरसी घंसौर को दिया उसी पंचनामा के आधार पर बीआरसी ने अनुपस्थित शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता के प्रति लापरवाह मानते हुए स्पष्टीकरण का नोटिस जारी किया गया है नोटिस जारी होते ही विभाग में हड़कंप मच गया बीआरसीसी कमलेश बघेल ने बताया कि दो दिवस के अंदर बीआरसी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें जवाब संतोष जनक न होने पर क्यों ना अनुशसानात्क कार्यवाही की जावेगी इस कार्यवाही के लिए दोनों शिक्षक स्वयं जवाबदार होंगे



## जनपद स्तरीय स्वच्छता पखवाडा का आयोजन आष्टा के प्राचीन काली मन्दिर में किया गया



सिवनी जिले के बरघाट ब्लाक अंतर्गत प्राचीन काली मंदिर आष्टा में श्रीमती आभा जितेन्द्र राहगडाले अध्यक्ष जनपद पंचायत बरघाट, संदीप श्रीवास्तव एस डी एम बरघाट ,श्रीमती प्रतिभा परते सी ई ओ जनपद पंचायत बरघाट, केवलसिंह परते बी पी ओ जनपद पंचायत बरघाट, टी सी तुमसरे बी सी एस बी एम , देवानन्द बिसेन सरपंच आष्टा जन प्रतिनिधि एवं जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण जन की उपस्थिति मे सेवा पखवाडे का शुभारंभ किया गया जिसमे घाट की साफ-सफाई कर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

## आदि सेवा पर्व व स्वच्छता पखवाड़े का धनौरा में हुआ शुभारंभ




**धनौरा।** शासन के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन के निर्देशन में जनपद पंचायत धनोरा अंतर्गत 50 ग्रामों में आदि सेवा केंद्रों का शुभारंभ धूमधाम से कराया गया जिसमें आज ग्राम पंचायत खमरिया के ग्राम थांवरी से जनपद पंचायत के सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिंह राजपूत, बीसी अमान पटेल, पीसीओ सनत कुमार जैन,एडीईओ यूनुस जन अभियान से बीएमटी गुरुप्रसाद भलावी,सरपंच,सचिव,पेशा मोबेलाइजर ग्राम पंचायत खमरिया पंचायत,रिस्पोंसिव गवर्नेंस ग्रुप के सभी आदि सहयोगी,आदि कर्म योगी,आदि सहयोगी,आदि साथी व जनप्रतिनिधियों,सामाजिक संगठन,एनजीओ,व ग्रामीणों, महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति के साथ किया गया। गौरतलब है कि धनोरा जनपद अंतर्गत 34 ग्राम पंचायत के 50 जनजाति बाहुल्य ग्रामों को आदि कर्म योगी अभियान में चिन्हित किया गया है, आज शुभारंभ किए गए आदि सेवा केंद्रों के माध्यम से इन ग्रामों में सभी हितग्राही मूलक व बुनियादी आवश्यकता की पूर्ति की जाएगी, शिकायत व आवेदन पंजी भी संधारित कराई गई। आदि सेवा पर्व के दौरान ही आज गठित क्ककक्रत्र ग्रुप के द्वारा इस अभियान का प्रचार प्रसार कर नियत तिथियों में ग्राम का भ्रमण कर विकास की कार्ययोजना विजन डाक्यूमेंट तैयार किया जाएगा जिसे 2 अक्टूबर की ग्राम सभा में अनुमोदित कर शासन को भेजा जाएगा।
साथ ही आज से स्वच्छता पखवाड़े का आरंभ कर चिन्हित स्थलों पर साफ सफाई की जाकर स्वच्छता की शपथ व एक पेड़ मां के नाम भी रोपित कराया गया है। स्वस्थ नारी सष्कत परिवार थीम पर आज आयुष्मान आरोग्य केन्द्र में सीईओ श्री ठाकुर द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण का अवलोकन कर इस विषय पर जानकारी दी गई।
धनोरा क्षेत्र में शासन की योजनाओं,अभियानों का सुनियोजित आयोजन जन जन तक लाभ का माध्यम बनता दिख रहा है।

# महाराज बाग श्री दुर्गा उत्सव पंडाल वाले स्थान में टूटी पड़ी नाली की पुलिया, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**आगामी 22 सितंबर से शारदेय नवरात्र महापर्व का शुभारंभ हो जायेगा। किसी भी पर्व के पूर्व शांति-समिति की बैठक में नगर पालिका सिवनी के द्वारा शहर में साफ-सफाई, नाली, प्रकाश, पानी की व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दाबे किये जाते है लेकिन मैदानी स्तर पर नगर पालिका के दाबे खोखले ही साबित होते है।**

ऐसा ही एक मामला इन दिनों नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज के महामाया वार्ड महाराज बाग का सामने आ रहा है जहां पर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव के आयोजन के लिए जिस स्थान पर पंडाल प्रतिवर्ष लगता है उस स्थान पर कई महीनों से नाली की पुलिया टूटी पड़ी है जिसकी जानकारी नगर पालिका के तकनीकी अमले से लेकर वार्ड पार्षद को भी लेकिन कोई भी उक्त पुलिया का निर्माण कराने की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। महाराज बाग में मनाया जाने वाला सार्वजनिक श्री दुर्गा पूजा उत्सव पूरे नगर ही नहीं वरन जिले में अपनी अलग पहचान रखता है। यहां होने वाली देवी की नव दिवसीय आराधा हो या फिर सुबह-शाम होने वाली आरती में उमड़ने वाली हजारों भक्तों की भीड़ सभी अपने आप में अनूठें है। महाराज बाग श्री दुर्गा पूजा पंडाल के सामने से सड़क क्रांस करके नाली बनी हुई है, जिसमें पूर्व से पुलिया बनायी गई है और उससे पानी निकासी



होती है, लेकिन समय रहते पुलिया का दुरूस्तीकरण नहीं होने के कारण उक्त पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। लगभग 4 माह से उक्त पुलिया इसी तरह से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है, जिसकी जानकारी वार्डवासियों के द्वारा वार्ड पार्षद से लेकर नगर पालिका के तकनीकी अधिकारियों तक को महीनों पहले दे दी गई, पर आज तक उक्त पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है। वर्तमान समय में समिति के द्वारा पंडाल बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और उक्त पुलिया पंडाल के अंदर आ रही है। बीते दिवस नगर पालिका के द्वारा फायर ब्रिगेड से पानी का प्रेशर मारकर नाली सफाई करायी गई लेकिन इसके बाद पुलिस के निर्माण का किसी तरह का कोई प्रपोजल नहीं बताया गया। पूर्व में भी सरस्वती शिशु मंदिर के सामने से हनुमान व्यायाम शाला परतापुर रोड तक सड़क निर्माण के समय उक्त पुलिया की तीन-तीन बार ठेकेदार और तकनीकी अधिकारी द्वारा नपाई की गई, लेकिन ना तो पुलिया बनायी और ना ही सड़क का ही निर्माण कार्य किया। इतना ही नहीं महाराज बाग के प्रवेश द्वारा में जहां पर सड़क बनायी गई वहां पर भी नाली का चेबर खुला छोड़ दिया गया जो दुघर्टनाओं को आमंत्रण दे रही है साथ ही एक ऐसा स्पीड ब्रेकर बना दिया गया जिससे हर रोज वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे है तो वहीं वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे है। इस तरह से नगर पालिका की लापरवाही से महाराज बाग वासियों में पार्षद एवं नगर पालिका परिषद के प्रति भारी आक्रेश व्याप्त है। अगर नवरात्र के पूर्व इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती है तो मोहल्लेवासियों का आक्रोश सड़कों पर देखने को मिल सकता है।

## मृतक जीवन उर्फ सतीश बघेल की हत्या में शामिल सभी आरोपी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के नेतृत्व में एवं एएसपी दीपक मिश्रा एवं सीएसपी श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में ग्राम सिमरिया निवासी जीवन उर्फ सतीश बघेल की हत्या की घटना को अंजाम देने वाले सभी सातों आरोपियों को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। दिनांक 13/09/2025 की रात्रि करीबन 09/00 बजे ग्राम सिमरिया निवासी विक्की उर्फ विक्रम बघेल द्वारा अपने साथी सुभाष बघेल, अंकिल बघेल, अमन बघेल, पंकज बघेल, दीनू उर्फ दिनेश निर्मलकर एवं अंकुश राय के साथ मिलकर जीवन उर्फ सतीश बघेल को पुरानी रंजीश के चलते जीवन बघेल के ग्राम सिमरिया स्थित घर के अंदर घुसकर जीवन बघेल को हाथ मुक्के एवं बांस के डंडो से पैर पीठ एवं शरीर के अन्य हिस्सों में मारपीट कर अधमरा कर एवं बेहोस अवस्था में छोड़कर उसके घर के बाहर की शटर पर ताला लगाकर चले गये जो जीवन के परिजनों को घटना की जानकारी लगने पर घर का तोड़कर जीवन बघेल को ईलाज हेतु जिला अस्पताल लेकर गये जहां ईलाज दौरान दिनांक 14/09/2025 को सुबह जीवन बघेल की मृत्यु हो गई जिस पर थाना कोतवाली सिवनी में विक्की उर्फ विक्रम बघेल एवं उनके साथियों के विरुध्द अपराध पंजीबध्द किया गया एवं घटना में शामिल सभी आरोपियों की धरपकड़ कर विधिवत गिरफ्तारी के पश्चात जेल भेजा गया हैं।

**गिरफ्तार आरोपी :** सुभाष बघेल पिता बबलू बघेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कुदवारी थाना बंडोल जिला सिवनी। 1 2. अंकित बघेल पिता रामकुमार बघेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पुसेरा थाना लखनवाड़ा जिला सिवनी। 3. विक्की उर्फ विक्रम सिंह बघेल पिता राजकिशोर बघेल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सिमरिया 4. अमन बघेल पिता रामकिशोर बघेल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम गंगई थाना लखनवाड़ा जिला सिवनी । 5. पंकज बघेल पिता स्व. मुकेश बघेल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम लोनिया थाना कोतवाली जिला सिवनी 6. दीपू उर्फ दिनेश निर्मलकर पिता सालिकराम निर्मलकर उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम हिनोतिया थाना कान्हीवाड़ा हाल जनता नगर टपरा मोहल्ला सिवनी। 7. अंकुश राय पिता रवीन्द्र राय उम्र 24 वर्ष निवासी स्टेशन वार्ड केवलारी हाल कटंगी नाका सिवनी।

### विशेष भूमिका

थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर, उनि दयाराम शरणागत, देवेन्द्र उइके, राहुल काकोडिया, सउनि दिनेश रघुवंशी, प्र. आर. योगेश राजपूत, शेखर बघेल, बिनेश बघेल आर. अमित, अजेन्द्र, प्रतीक, सिध्दार्थ, सुधीर, रविन्द्र, अंकित, मिथलेश, पंकज, जितेन्द्र, सतीश, लक्ष्मीप्रसाद, योगेश, म.आर. दीपाली, निशा, कीर्ती, मिथलेश्वरी आर. चालक इरफान एवं चीता स्टाफ की विशेष भूमिका रहीं।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने निकाय में संचालित दुकानों का निरक्षण किया गया

**सिवनी/छपारा।** नगर परिषद छपारा में मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशानुसार निकाय में संचालित दुकानों का निरक्षण किया गया। जिसमें कई दुकानदारों के ऊपर पॉलिथीन का इस्तेमाल किया जाने पर चालानी कार्यवाही की गई। इसके साथ ही नगर परिषद छपारा के बसटैंड में अतिक्रमणकारियों पर भी चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री गीता बाल्मिक, उपयंत्री दीपक उईके, राजस्व प्रभारी चमन लाल भारतीय के साथ साथ नगर परिषद का पूरा अमला उपस्थित रहा।

**व्यवस्थित सब्जी बाजार की मांग**

मंगलवार की शाम करीब चार बजे नगर सभी चिल्हर सब्जी विक्रेताओं ने एकत्र होकर नगर परिषद अधिकारी गीता बाल्मीकि से ज्ञापन सौंप कर व्यवस्थित सब्जी बाजार की मांग की। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा वर्तमान में जो जगह सब्जी विक्रेताओं को आवंटित की गई उसे पर्याप्त मात्रा में व्यवस्थित कर दी जाए। साथ ही नगर में जो भी सब्जी विक्रेता स्थाई एवं अस्थाई है उन सभी को एक ही जगह उपलब्ध साथ ही सभी गरीब व्यापार करने वाले को कोई भी परेशानी का सामना करना ना पड़ें और सुचारू रूप से व्यापार कर सके।

## निकिषा बघेल सहायक संचालक के प्रथम सिवनी आगमन पर आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

केवलारी तहसील की होनहार बेटी निकिषा बघेल, सुपुत्री रघुनंदन सिंह बघेल एवं श्रीमती राजकुमारी बघेल ने मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा 2024 में 14 वां स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है। उनका चयन प्रतिष्ठित पद सहायक संचालक (वित्त विभाग) पर हुआ है। जिले का एक और गौरव मानी जाने वाली सुश्री निकिषा ने पाँचवीं तक की शिक्षा दीप ज्योति पब्लिक स्कूल, केवलारी से ही प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कक्षा 6 वीं से आगे की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा से पूरी करते हुए स्नातक शिक्षा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर से तथा स्नातकोत्तर शिक्षा राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा से की। शिक्षा के साथ-साथ निकिषा ने एनसीसी में भी सक्रिय रहते हुए अनुशासन, नेतृत्व



क्षमता और सेवा भावना का अनुभव प्राप्त किया साथ ही इन्होंने ताइक्वांडो में क्षेत्रीय स्तर प्रतिनिधित्व कर खेल क्षेत्र में भी प्रतिभा दिखाई। सिवनी मुख्यालय पर अनिल जायसवाल जी के निवास स्थान पर सुश्री निकिषा बघेल का जायसवाल परिवार एवं सद्भाव ग्रुप के सदस्यों में नवल ठाकुर, आशीष गोलू सक्सेना, पिंकी उपाध्याय, ऋषिकांत त्रिवेदी, नन्दन श्रीवात्री, करम सिंह बघेल, विनीत जायसवाल, ओम सराठे, टिंकू ठाकरे, भूपेंद्र ठाकुर, निशांत तिव्हन, डेनियल, श्याम उइके, बाबा भाई सहित अन्य सदस्यों ने आत्मीय स्वागत करते हुए उनकी इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर निकिषा ने अपनी इस उपलब्धि पर अपने माता-पिता, पारिवारजनों, गुरू जनों सहित सभी सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद देते हुए आभार जताया। निकिषा की इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। उन्होंने साबित किया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर हो तो सफलता निश्चित है। निकिषा बघेल की मेहनत और सफलता केवलारी और सिवनी जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

## योग्यता का अपमान,भ्रष्टाचार का बोलबाला, अतिथि शिक्षक भर्ती में शिक्षा की हत्या

## धनौरा में 'शिक्षक ' नहीं सौदेबाजी योग्यता का गला घोंटा, शिक्षा की बलि चढ़ाई

**केशव राय धनौरा :-** सिवनी जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र धनोरा मुख्यालय में स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा मैं अतिथि शिक्षक की भर्ती में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है आरोप है कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा की प्राचार्या नाजमीन ख़ान के द्वारा अपने परिचितों को अवैध तरीक़े से अतिथि शिक्षकों के रूप में नौकरी में रख लिया गया जिससे शिक्षा की गरिमा और योग्य युवाओं का भविष्य दोनों दाँव पर लग गए हैं।
नियमो की धज्जियां उड़ाकर फर्जीवाड़ा



यह पूरा मामला नियमों की अनदेखी नहीं बल्कि क़ानून और व्यवस्था पर सीधा कुठाराघात है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक एक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई पारदर्शिता का खुला उल्लंघन ,सरकारी निर्देशों के बावजूद भर्ती के लिए कोई सार्वजनिक विज्ञापन जारी नहीं किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन अतिथि शिक्षकों की भर्ती की गई है उसमें बिना डीएड बीएड के भी शिक्षक हैं जिन्हें पहले से ही विवादित चल रही भ्रष्ट प्राचार्या नाजमीन ख़ान के द्वारा नौकरी में रख लिया गया है देखना अब यह होगा कि उच्च अधिकारियों के द्वारा भ्रष्ट प्राचार्या नाजमीन ख़ान के ऊपर क्या कार्यवाही की जाती है और कब तक की जाती है. अब देखने वाली बात तो ये भी है की एक महीने से ज़्यादा नियम विरुद्ध भर्ती हुए अतिथि शिक्षक जो अपनी सेवा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौरा मैं दे रहे हैं उनका वेतन कैसे और कहाँ से दिया जाएगा जबकि भर्ती प्रक्रिया पूर्ण रूप से अवैध है। सूत्र तो यह भी बताते हैं की प्राचार्या नाजमीन खान को स्कूल से कोई लेना देना नहीं है वे सिर्फ महीने में कभी कभी स्कूल आती हैं जिसका सिर्फ सरोकार वेतन पाना है उन्हें स्कूल के शिक्षा स्तर से कोई मतलब नहीं हैं ना ही छात्राओं की शिक्षा से कोई लेना देना है छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

**भाजपा मण्डल केवलारी ने की सेवा पखवाड़ा की शुरुआत**

केवलारी,नगर में स्थित सिविल अस्पताल केवलारी में भारतीय जनता पार्टी मंडल केवलारी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर सेवा पखवाड़ा के आयोजन की शुरुआत पर सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम किया गया साथ ही नगर में स्वच्छता संदेश देने के लिए साफ सफाई भी की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह बघेल नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवी सिंह बघेल नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिव चौधरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष रणजीत सिंह ठाकुर सांसद प्रतिनिधि सुधीर पांडे पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया, पूर्व जनपद सदस्य पवन यादव, सुजीत राय, सतीश राय, सुजान बघेल, राकेश तिवारी, दीपचंद पिपरिया, सावित्री चौधरी ,अजय बघेल सहित अनेक कार्यकर्ता मोदी जी के जन्म उत्सव पर उपस्थित रहे।
सिविल अस्पताल में हुआ आयोजन वहीं दूसरी ओर सिविल अस्पताल मीटिंग हॉल में भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर प्रधानमंत्री की प्रेरणा से अभियान का आगाज किया गया। जिसका शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा दिनांक 17 सितंबर 2025 को दोपहर 12:00 बजे से मध्य प्रदेश के जिला धार से किया गया । इस पूरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विकास खंड स्तर पर अभियान का शुभारंभ ऑनलाइन प्रसारण, गणमान्य अतिथियों ,नागरिकों की उपस्थिति में सिविल अस्पताल केवलारी में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रारम्भिक संघर्ष पूर्ण जीवन यात्रा के पश्चात भारतवर्ष के सर्वोच्च पद प्रधानमंत्री तक के सफ़रनामा के बारे में विस्तार से बताया और आज भारतवर्ष का नाम पूरी दुनिया में तीसरी आर्थिक महाशक्ति के रूप में प्रतिस्थापित किया ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा समय-समय पर महिलाओं की सुविधाओं के लिए उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत मुफ्त गैस सिलेंडर का वितरण, जनधन योजना, जैसी महिला सशक्तिकरण की अनेकों योजनाएं शुरू की गई है।

# नवरात्र पर्व को लेकर सड़क के दोनों ओर से हटाया जा रहा है अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में बुधवार शाम मेनरोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। लंबे समय बाद हुई कार्रवाई में नगरपालिका ने सड़क किनारे लगे दुकानदारों के बोर्ड और पोस्टर जब्त किए। अस्थायी अतिक्रमणकारियों को जल्द अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। यह अभियान आगामी नवरात्र को देखते हुए चलाया गया है। शहर में 36 से ज्यादा जगह दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं, जिन्हें देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इससे सड़कों पर भीड़ जमा होती है। तहसीलदार सुनील वर्मा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नवरात्र पर्व के मद्देनजर अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों ने अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा है, जो उन्हें दिया गया है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि समय का दुरुपयोग कर अतिक्रमण न हटाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार वर्मा ने स्पष्ट किया कि नवरात्र पर्व को देखते हुए अस्थायी अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# महिला उद्योगपति को अवैध गन से लगी थी गोली, सीसीटीव्ही फुटेम से हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट की प्रतिष्ठित महिला उद्योगपति चांदनी त्रिवेदी को जिस गन से गोली लगी थी, वह अवैध थी। इसका खुलासा दो दिन की पुलिस जांच के बाद हुआ है। पुलिस ने इस मामले में महिला के मुंहबोले भाई पीयूष पाठक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया ने बुधवार को बताया कि पुलिस को अस्पताल से गोली लगने की सूचना मिली थी। जब पुलिस अस्पताल पहुंची तो महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें गोंदिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरुआती बयान में महिला ने कहा था कि उन्हें अपने स्वर्गीय पति की लाइसेंसी गन को साफ करते समय गलती से गोली लग गई थी।

हालांकि, पुलिस की जांच में कुछ और ही सामने आया। पुलिस ने घटना के बाद घर से खून से सने कपड़े और चादर बरामद किए और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में पीयूष पाठक घटना की रात बंदूक ले जाते हुए दिखाई दिया, जबकि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, महिला के पति की लाइसेंसी गन थाने में जमा है। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पीयूष को हिरासत में ले लिया।

सीएसपी के मुताबिक, पुलिस पूछताछ में पीयूष पाठक ने बताया कि वह गन उसे चांदनी त्रिवेदी ने ही दी थी। इससे यह साफ है कि जिस गन से चांदनी त्रिवेदी को गोली लगी है, वह गन लाइसेंसी नहीं थी, बल्कि अवैध थी। पीयूष पाठक ने बताया कि उसने जिला अस्पताल में रखी किसी स्कूटी में गन छिपाई है। उसकी निशानदेही पर पुलिस गन को जब्त करने का प्रयास कर रही है।

चूंकि मामला एक बड़े कारोबारी परिवार से जुड़ा है, पुलिस इसे गंभीरता से देख रही है और सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी और सबूत जुटाए जा रहे हैं और पूरी जांच होने के बाद ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# विधायक मधु भगत ने विश्वकर्मा जयंती पर ग्रामों को दी नई सौगात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने आज जरेरा में आयोजित विश्वकर्मा जयंती के कार्यक्रम के अवसर पर विशाल सभा को सम्बोधित किया। इस मौके पर उन्होने क्षेत्र के सर्वागीण विकास और सामाजिक समरसता को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणायें की। कार्यक्रम में बडी संख्या में ग्रामीण महिला, युवा, व समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

विधायक भगत ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वकर्मा जयंती का पर्व हमें श्रम और सृजनशीलता का सम्मान करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि परसवाडा क्षेत्र की जनता ने सदैव विकास और भाईचारे को प्राथमिकता दी है और इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र के हर गांव तक मूलभूत सुविधायें पहुंचाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक ने सभा में घोषणा की कि जरेरा में 12 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जायेगा, जिससे ग्रामीणों को विवाह व सामाजिक कार्यक्रम और सामूहिक बैठकों के लिये सुविधाजनक स्थल प्राप्त होगा। उसके अलावा उन्होने दहीगडवा गांव के लिये भी 2 लाख रूपये की राशि से सभामंच निर्माण की घोषणा की। उन्होने कहा कि यह मंच गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्राम सभा एवं अन्य सार्वजनिक गतिविधियों के लिये उपयोगी सिद्ध होगा। इन दोनों कार्यो के लिये शीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जायेगी और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

विधायक ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिये वह सतत प्रयासरत है। उन्होने युवाओं से अपील की है वे शिक्षा खेलकूद और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढे और शासन की योजनाओं का लाभ उठाये।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों और महिला समूह ने विधायक का स्वागत करते हुए उनकी घोषणाओं का आभार व्यक्त किया। मंच पर क्षेत्रीय पंचायत प्रतिनिधि और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जरेरा में हुई सभा में विश्वकर्मा जयंती के अवसर को विकास के नये संकल्पों से जोडते हुए पूरे क्षेत्र में उत्साह में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

# शिविर में रक्तदाताओं द्वारा 289 यूनिट किया गया रक्तदान

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक बालाघाट जिले मे भी सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। 17 सितम्बर को पीएम श्री जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में रक्तदान शिविर का आयोजन कर इस शिविर का शुभारंभ किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर समाज सेवी डॉ. नरेंद्र भैरम, श्री राकेश सेवईवार, श्री गोपाल आडवाणी, श्री योगेंद्र टेम्भरे, रमाकांत डहाके, आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बीएम शरणागत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया, डॉ. संजय धबड़गाव, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, नगर पालिका के पार्षद, महाविद्यालय के प्राध्यापक, छात्र छात्राएँ एवं रक्तदाता उपस्थित थे।

सांसद श्रीमती भारती पारधी ने इस अवसर पर रक्तदान करने के लिए युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सबसे बड़ा दान रक्त्दान होता है। सभी को अपने जीवन में समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद बीमार व्यक्ति की जीवन रक्षा करने का आत्मीक संतोष मिलता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह हम सब को प्रेरणा देता है कि अपने जन्मदिन पर हम भी कोई न कोई सेवा का कार्य अवश्य करें।

सांसद श्रीमती पारधी ने इस अवसर पर बताया कि बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसमें 08 से 10 पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है।

## नाबालिगों के वीडियो बनाकर वायरल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**कटंगी।** नाबालिगों को अपने प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म कर उनके वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में कटंगी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, आईटी एक्ट और पॉक्सो की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. बुधवार की शाम 5 बजे पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि कटंगी थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव की नाबालिगों ने शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपियों ने उनके साथ दुष्कर्म कर उनके अश्लील वीडियो बनाए जिन्हें वायरल किया जा रहा है. नाबालिगों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी अभय पिता दिलीप गौतम उम्र 23 वर्ष और तोपेन्द्र पिता राधेलाल राहंगडाले उम्र 20 वर्ष के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. नाबालिगों के यह वीडियो व्हाट्सएप के जरिए वायरल किए जा रहे थे।

# बालाघाट की युवा समर्पण रक्तदान एंड वेलफेयर सोसायटी को मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

नेशनल थैलीसीमिया एवं सिकेलसेल तृतीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला नीमच में सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला में युवा समर्पण रक्तदान एंड वेलफेयर सोसायटी, मध्यप्रदेश (बालाघाट) की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

संरक्षक आदरणीय सुभाष सर, अध्यक्ष गौतम ब्रम्हे, उपाध्यक्ष दीपांशु वरांडे एवं मीडिया प्रभारी मनीष चौहान ने सम्मेलन में शिरकत की। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों से थैलीसीमिया एवं सिकेलसेल जैसी गंभीर बीमारियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की गईं। परिचर्चा में समिति ने समाज में इन बीमारियों के प्रति चलाए जा रहे अपने जागरूकता अभियानों एवं सेवाभावी कार्यों की जानकारी भी साझा की। संगठन के प्रगतिशील प्रयासों की सराहना करते हुए आयोजकों ने टीम को स्मृतिचिह्न एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान युवा समर्पण रक्तदान एंड वेलफेयर सोसायटी के निस्वार्थ सामाजिक कार्यों की पहचान है, जिसने जिले एवं प्रदेश के युवाओं को नई प्रेरणा प्रदान की है।

# हट्टा में स्वच्छता ही सेवा अभियान

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रामों स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु 17 सितंबर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत ग्राम पंचायत हट्टा मे 17 अक्टूबर 2025 मे स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया जिसमे ग्राम के विभिन्न चौक चोरहों स्थानीय माता तालाब अंबेडकर मंगल भवन की साफ सफाई कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और पंचायत परिसर मे वृक्षारोपण किया गया। इसमे जनपद अध्यक्ष फुलचंद सहारे , जनपद सदस्य श्रीमती रंजना वैद्य ,नगपुरे मेडम, ग्राम पंचायत सरपंच उमेश सोनेकर, उपसरपंच वीरेंद्र बिसेन, सचिव राजेन्द्र पिछोड़े, सहायक सचिव मंगलेश पटले समस्त पंचगण निकेस पिछोड़े, संतोष कसार, नितेश सोनेकर, वर्षा चन्देलवार, शीला पटले सहित सामाजिक ऐव स्वयंसेवी संगठन गणमान्य नागरिक स्वसहायता समूह उपस्थित रहे।



# खैरलांजी अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार एंव स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



17 सितंबर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के साथ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इसी अवसर पर अस्पताल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया एंव स्वास्थ शिविर लगाकर मरीजो का उचित उपचार कर लाभान्वित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मोत्सव के साथ उनकी 75वीं वर्षगांठ पर द्वीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के. पी. नागेंद्र द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने बताया कि यह पूरा अभियान नारी शक्ति के लिए समर्पित है, जिसमें प्रतिदिन ब्लॉक के 81 ग्रामों में शिविर लगाकर समस्त महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। जिसमें टीकाकरण, सिकलसेल, एनीमिया तपेदिक रोग ,उच्च रक्तचाप ,मधुमेह, कैंसर जैसे गंभीर बीमारी की जांच पहचान कर उचित परामर्श व उपचार प्रदान कर दवाई वितरण की जाएगी । साथ ही शिविर में महिलाओ आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र देशमुख,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता मानसिंह बहेटवार,भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला ज्ञानेश रहांगडाले ,श्रीमती दीपेश्वरी लिल्हारे , शरद नागपूरे ,पलाश बिसेन जिला संयोजक भाजपा आईटी, अखिलेश मिश्रा , लक्ष्मण दमाहे ,फिरोज ठाकरे , नकुल लिल्हारे सरपंच टेमनी ,विश्वेश्वर सोनवाने , सुरेश गजभिए , सुभाष पटले ,नरेंद्र साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वृंदावन मीना, डॉ. प्रफुल्ल भारती , डॉ. श्रीमती प्रियंका पाल , नेत्र चिकित्सक डा. टी एल बिसेन , विजयानंद मेश्राम बी पी एम, जी एन सुल्किया, डी पी ठकरेले , कमल नागपुरे ,नोरेन्द्र देशमुख सहित स्वास्थ विभाग का अमला मौजूद रहा ।

# केश शिल्पी सेन(नाई) समाज सहित सेलून दुकानदार भाई की काम काजी बैठक हुई संपन्न, 7 प्रस्ताव हुए पारित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट नगर मुख्यालय चर्च रोड बूढ़ी मजदूर कर्मचारी भवन में जिला केश शिल्पी सेन नाई समाज की बैठक संपन्न हुई जिसमें नगर मुख्यालय के समस्त सामाजिक बंधुओं सहित सेलून पार्लर यूनीसेक्स दुकान दार भाई उपस्थित रहे। इस बैठक में बालाघाट नगर मुख्यालय के सभी सामाजिक बंधुओं सहित सेलून पार्लर, यूनीसेक्स दुकान दार मुख्य रूप से उपस्थित रहे, वहीं बैठक में सामाजिक बंधुओं द्वारा जिला संत शिरोमणि केश शिल्पी सेन (नाई )समाज के नव नियुक्त पदाधिकारीयो को बधाई प्रेषित किया गया, वहीं संरक्षक अमित श्रीवास ने हुंकार भरते हुए सामाजिक गतिविधियों को गति एवं ऊर्जा देने के लिए, जिला नव नियुक्त जिला अध्यक्ष रवि नागपुरकर को जल्द से जल्द अपनी टीम बनाने एवं सामाजिक बंधुओं को एकत्रित कर पुनः रुके हुए कार्यों को गति देने की बात कही,, उन्होंने कहा कि हमें सामाजिक गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं को चार भागों में बांट देना चाहिए जिसमें जिला अध्यक्ष की मॉनिटरिंग में जिला युवा मोर्चा, नगर मोर्चा,, सहित महिला मातृशक्ति को एकजुट करना होगा सभी को जिम्मेदारी देना होगा जब जाके विकसित समाज का निर्माण होगा जिसके लिए आज से ही हम अपने सामाजिक कार्यों में लग जाए जहां जिले की जवाब दारी में वर्ष भर के मेन्यू कार्यों को बांटा जा सके जिले के विभिन्न आयोजन कार्य जिला युवा मोर्चा को दिया जाए साथ ही समस्त सेलून पार्लर यूनीसेक्स दुकानदार भाई को एकत्रित कर पूर्ण सूचना देने का कार्य नगर अध्यक्ष का होगा वहीं महिला मोर्चा का कार्य समस्त आयोजित कार्यक्रम में मातृशक्ति को एकजुट करना साथ ही हल्दी कुमकुम पूजन पाठ संबंधित कार्य को करना होगा।

नव नियुक्त जिला अध्यक्ष रवि नागपुरकर कहा कि मेरे द्वारा अभी टिम में कोई फेर बदल नहीं किया जाएगा अपनी पुरानी टीम को जनवरी माह तक यथावत रखना चाहता हूं, साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में हम सब के साथ अनुभवी संरक्षक, अमित श्रीवास भास्कर भारद्वाज रमेश भारद्वाज प्रेम गोले डॉक्टर रवि श्रीवास शिव कुमार श्रीवास अशोक श्रीवास मेरे साथी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास, एवं नगर अध्यक्ष महेश मानेश्वर जैसे भाई हैं तो मुझे जिले में केश शिल्पी सेन नाई समाज को विकसित समाज बनाने में पूर्ण मदद मिलेगी मैं बस अपनी सारी टिम को पुनः एक बार एक साथ देखना चाहता हूं जिससे पूरे जिले के प्रत्येक तहसील में हमारी टीम मेहनत से सामाजिक बंधुओं को एकत्रित करने में मेरे साथ एक जुट होकर कार्य करने में मदद करे तो,निश्चित रूप से हमारा सेन समाज जल्द ही विकसित समाज बनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

बालाघाट जिले के युवा साथी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत वीरेंद्र श्रीवास को पुनः जिले का प्रभार जिला सेन समाज के सामाजिक संगठन ने दिया जिसमें जिला युवा मोर्चा जिला वीरेंद्र श्रीवास ने युवाओ की टोली जिले में सेन समाज को नए ऊर्जा देने की बात कही जहां उन्होंने अपने टिम की घोषणा तुरंत जारी किया जिसमें उन्होंने सर्व प्रथम स्थान संरक्षक को दिया जिसमें युवा मोर्चा के संरक्षक, के रूप में पंकज सोनू श्रीवास, हेमंत अमृतकर (बापू काका) बंटी सेन , आशीष श्रीवास, को दिया साथ ही उपाध्यक्ष,में दीपक नागपुरकर, चेतन विरुरकर, आशीष श्रीवास, एवं विनोद श्रीवास, जिला युवा मोर्चा सचिव के रूप में ललित सोनू श्रीवास, सह सचिव पंकज गोंडाने, कोषाध्यक्ष राहुल कुकड़कर, प्रवक्ता सुमित सेन , जय सराठे,सहित ग्यारह जिला कार्यकारी सदस्यों की घोषणा किया।

# 69वीं राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में जिले से 05 खिलाड़ियों का चयन

**बाालघाट।** सब जूनियर बालक बालिका वर्ग की 69वीं राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 19 सितंबर 2025 के मध्य इंदौर के बाल विनय विद्या मंदिर विद्यालय के हाल में किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के 10 संभागों के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जिसमें बालाघाट जिले के बालिका वर्ग में 04 खिलाड़ी अवनी सोनी, रुचि कोल्ते, शौर्या पांडे, अवनी सोनी एवं बालक वर्ग में 01 विजय पोमेश बोरीकर ने संभाग जबलपुर का प्रतिनिधित्व किया है। प्रतियोगिता में प्रथम दिवस बालक वर्ग में 60 प्लस किलोग्राम वर्ग में विजय बोरीकर ने रीवा, ग्वालियर, शहडोल एवं इंदौर के खिलाड़ियों को पराजित कर आगामी भविष्य में होने वाली राष्ट्रीय शालेय कराते खेल प्रतियोगिता के लिए 60 किलोग्राम वजन में अपनी जगह बनाई है। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त किऐ खिलाड़ियों को पुलिस अधिकारी श्री शुभम ठक्कर, मध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन के सचिव श्री विनय यादव ने बधाई दी।

# ग्रामीण युवक को नक्सलियों ने किया अगवा लांजी थाने के ग्राम चौरिया की घटना

## मलाजखंड एरिया कमेटी कम्युनिस्ट पार्टी ने फेंके पर्चे, पुलिस बल और हॉकफोर्स का सर्चिंग अभियान तेज़

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र लांजी के चौरिया से ग्रामीण युवक देवेन्द्र यादव के नक्सलियों द्वारा अपहरण किये जाने की जानकारी सामने आ रही है। यहां, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के मलाजखंड ऐरिया कमेटी के नाम से मिले पर्चे से अंदेशा जताया जा रहा है कि नक्सलियों ने देवेन्द्र नाम के ग्रामीण का अपहरण किया है। आईजी संजय कुमार ने ग्रामीण के मिसिंग और नक्सली पर्चे मिलने की पुष्टि करते हुए बताया है कि ग्रामीण देवेंद्र के मिलने के बाद ही घटना की वास्तविकता से पता चल पाएगा कि उसका अपहरण, नक्सलियों ने किया है या और कोई घटना है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जानकारी अनुसार देवेंद्र के साथ अवधेश यादव भी थाए जो मवेशी लाने जंगल गया था। जब अवधेश वापस आयाए तो उसने दहियान में देवेंद्र की मोबाइल और बाइक खड़ी देखी। वहां दो कागजों पर लाल स्याही से लिखा हुआ एक पत्र भी मिलाए जिसमें देवेंद्र पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया गया है और मौत की सजा दिए जाने की बात कही गई है। पत्र में मलाजखंड एरिया कमेटी भाकपा माओवादी जिंदाबाद लिखा हुआ है। इसमें यह भी कहा गया है कि पुलिस लोगों को एक दूसरे से लड़वाकर मरवाने का काम करती हैए सामंतवादी साम्राज्यवादियों की रक्षा करती हैए गरीबों को लूटती हैए विस्थापित और विनाश करती है। इसलिएए लोगों से पुलिस से दूर रहने की अपील की गई है। देवेंद्र के साथ दहियान गया युवक अवधेश बहुत मुश्किल से घर लौटा है तथा बहुत ही डरा हुआ है। जिले में बालाघाट पुलिस मिशन-2026 तक नक्सलियों के खात्मे को लेकर लगातार दबाव बनाए हुए है। जंगल में नक्सलियों से लेकर लोगों के मन में व्याप्त नक्सली विचारधारा को खत्म करने जुटी बालाघाट पुलिस, नक्सलियो के साथ उनके नेटवर्क को तोडऩे में लगी है, इसी के बीच, नक्सलियों द्वारा ग्रामीण को अगवा करने की खबर सामने आई है। सूत्र बताते है कि, ग्रामीण युवक देवेंद्र तीन बहनों में इकलौता भाई है। जिसके माता-पिता नहीं है। जिसके मिसिंग होने के बाद नक्सलियों के दो पत्र मिले है, जिसमें उसके अपहरण का जिक्र किया गया है।





### क्या लिखा है लाल स्याही से पत्र में

नक्सलियों के लाल स्याही से मिले पहले पत्र में लिखा गया है कि यह आदमी देवेन्द्र यादव पुलिस मुखबिर था। माओवादी पार्टी दल का समाचार 3-4 बार दिया था और पतासाजी करने डेरा को ढूंढता था और पुलिस को खबर देता था। इसको पुलिस ने ही जंगल में दहान के नाम से बैठाया था। पितकोना पुलिस चौकी वालो को दही-दूध पहुंचाता था। यह सभी जांच करने के बाद यह मौत का सजा दिया गया था। बाकी और कोई भी पुलिस मुखबिर बनकर जनविरोधी काम पर नहीं जाना है। इनके जैसा कोई मुखबिर न बनें। बनने पर हर ग्रामवासियों को अपने-अपने गांव में सुधारे। जबकि दूसरे पत्र में लिखा है कि पुलिस हमारे ही गरीब लोगों से एकदूसरे से लड़वाकर मरवाने का काम करते है, पुलिस सामंतवादी-साम्राज्यवादियो की रक्षा करती है। गरीबो को लुटती हैं विस्थापित और विनाश करती है, इसलिए पुलिस से दूर रहिए।